BIHAR BOARD CLASS - 10

2019

SANSKRIT

द्वितीय पाली (Second Sitting)

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं , जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें।

1. महान् से भी महान् क्या है ?

(A) आत्मा

(B) परमात्मा

(C) संसार

(D) इनमें से कोई नहीं

2. यह संपूर्ण संसार किसके द्वारा अनुशासित है ?

(A) आत्मा

(B) परमात्मा

(C) साहित्य

(D) इनमें से कोई नहीं

3. 'परिभूतपुरन्दरस्थानम्' की संज्ञा किसे दी गई है?

(A) पाटलिपुत्र नगर

(B) गुप्त वंश

(C) बुद्ध

(D) मुद्राराक्षस

4. गुरु गोविन्द सिंह का जन्मस्थल कहाँ है?

(A) पाटलिपुत्रम्

(B) कलिङ्गम्

(C) उत्कल-प्रान्त:

(D) इनमें से कोई नहीं

5. यूनान का राजदूत कौन था ?

(A) मेगास्थनीज

(B) फाह्यान

(C) हुयेन सांग

(D) इत्सिंग

6. "स्थिति: सौकर्यमूला हि ..... के न धावन्ति जन्तवः ।।' यह उक्ति किस पाठ से संकलित है?

(A) अलसकथा

(B) संस्कृत साहित्ये लेखिका:

(C) व्याघ्र पथिक कथा

(D) पाटलिपुत्रवैभवम्

7. याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी मैत्रेयी को किसकी शिक्षा देते हैं ?

(A) भारतीय संस्कार

(B) न्याय-योग

(C) आत्म तत्त्व

(D) सांख्य

8. विजय भट्टारिका किसकी पत्नी थी ?

(A) चन्द्रादित्य

(B) चन्द्रगुप्त

(C) चन्द्रकिशोर

(D) चन्द्रशेखर

9. पण्डिता क्षमा राव द्वारा रचित "सत्याग्रह गीता" किसके दर्शन द्वारा प्रभावित है ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) रानी लक्ष्मीबाई

(D) इन्दिरा गाँधी

10. किस देश में देवता बार-बार जन्म लेना चाहते हैं?

(A) भारत

(B) यूनान

(C) नेपाल

(D) भूटान

11. अंतिम शिक्षा संस्कार का नाम क्या है?

(A) उपनयनम्

(B) समावर्त्तनम्

(C) अक्षरारंभ:

(D) वेदारंभ

12. प्राचीनकाल में शिष्य को क्या कहते थे ?

(A) अन्तेवासी

(B) ब्रह्मचारी

(C) छात्र

(D) इनमें से कोई नहीं

13. 'विवाह संस्कार' के अन्तर्गत क्या नहीं आता है ?

(A) गोदान

(B) वाग्दान

(C) कन्यादान

(D) सिन्दूरदान

14. विना बुलाए कौन आता है ?

(A) सज्जन

(B) दुर्जन

(C) मूर्ख

(D) इनमें से कोई नहीं

15. 'उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी:' यह उक्ति किस पाठ से संकलित है ?

(A) कर्मवीर कथा

(B) व्याघ्र पथिक कथा

(C) भारतीय संस्काराः

(D) भारत महिमा

16. कर्मवीर रामप्रवेश राम के परिवार के सदस्यों की कुल संख्या कितनी थी?

(A) चार

(B) छह

(C) आठ

(D) दस

17. स्वामी दयानंद का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1822

(B) 1824

(C) 1826

(D) 1828

18. गुजरात-प्रदेश स्थित टंकाराग्राम किसका जन्मस्थल है ?

(A) स्वामी विवेकानन्दः

(B) स्वामी विरजानन्दः

(C) स्वामी दयानंद:

(D) इनमें से कोई नहीं

19. 'दरिद्रान्भर कौन्तेय! मा .... नीरुजस्य किमौषधे:" पद्य किस पाठ से संकलित है?

(A) व्याघ्र पथिक कथा

(B) कर्मवीर कथा

(C) शास्त्रकारा:

(D) विश्वशांति:

20. "महत्तरां भिक्षा याचे" यह किसकी उक्ति है ?

(A) कर्ण की

(B) शल्य की

(C) शक्र की

(D) इनमें से कोई नहीं

21. "वैरेण वैरस्य शमनम् असंभवम्" यह किसकी उक्ति है?

(A) महात्मा बुद्ध

(B) भगवान् महावीर

(C) चन्द्रगुप्त

(D) कर्ण

22. शास्त्र किसके लिए कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य का विधान करते हैं ?

(A) दानवों के लिए

(B) मानवों के लिए

(C) छात्रों के लिए

(D) पशुओं के लिए

23. मीमांसा दर्शन के रचनाकार कौन हैं?

(A) जैमिनी

(B) पाणिनी

(C) पराशर

(D) सुश्रुत

24. महर्षि यास्क द्वारा रचित ग्रंथ का नाम क्या है?

(A) निरुक्तम्

(B) शुल्ब सूत्र

(C) न्यायदर्शन

(D) चरक संहिता

25. अनुच्छेदं, का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) अनु + छेदं

(B) अनुत् + छेदं

(C) अनुद् + छेदं

(D) अनु + शेदं

26. 'मन: + रञ्जनम्' की संधि होगी

(A) मनोरंजनांम

(B) मनुरञ्जनम

(C) मनोरजनम्

(D) मनोरञ्जनम्

27. 'अ + ए' के मेल से कौन-सा नया वर्ण वनेगा ?

(A) ऐ

(B) आय्

(C) अव

(D) व

28. 'विद्यार्थी' में कौन-सी संधि है ?

(A) दीर्घ संधि

(B) अयादि संधि

(C) गुण संधि

(D) वृद्धि संधि

29. 'देश भक्ति' का विग्रह क्या होगा ?

(A) देशाय भक्तिः

(B) देशस्य भक्तिः

(C) देशात् भक्तिः

(D) देशे भक्ति

30. 'रमा च सीता च' का समस्त पद क्या होगा?

(A) रमासीता

(B) रमासीतौ

(C) रमासीते

(D) रमासीतो

31. बहुव्रीहि समास का उदाहरण कौन-सा है?

(A) घनश्यामः

(B) लम्बोदर:

(C) पञ्चगङ्गम्

(D) अधिहरी

32. 'देहरक्षा' में कौन-सा समास है?

(A) अव्ययीभाव

(B) तत्पुरुष

(C) द्वन्द्व

(D) बहुव्रीहि

33. 'भुवः प्रभवः' सूत्र का उदाहरण है

(A) हिमालयात् गंगा प्रभवति

(B) सा हर्षात् हसति ।

(C) सीता रामेण सह वनं गतवती

(D) नेतारः पदाय स्पृहयन्ति ।

34. 'रुच' धातु के योग में जिसे कोई वस्तु प्रिय लगे उसके लिए चतुर्थी विभक्ति किस सूत्र से होती है?

(A) धारेरुतमर्ण:

(B) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः

(C) येनादविकार:

(D) आख्यातोपयोगे

35. 'स: व्याघ्रात् विभेति। यहाँ रेखांकित पद में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) चतुर्थी

(B) पंचमी

(C) तृतीया

(D) सप्तमी

36. अंग विकार के अर्थ में कौन-सी विभक्ति होती है?

(A) द्वितीय

(B) चतुर्थी

(C) षष्ठी

(D) तृतीया

37. किस शब्द में 'वि' उपसर्ग है?

(A) विवेक:

(B) विराट:

(C) विहार:

(D) इनमें से कोई नहीं

38. 'अभिज्ञान:' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) अभ

(B) अभि

(C) अभिज्ञा

(D) अभी

39. 'लभ' धातु के लट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप कौन-सा है?

(A) लभेते

(B) लभते

(C) लभते

(D) लभे

40. 'तिष्ठ' किस लकार का रूप है ?

(A) लट्

(B) लोट्

(C) लृट्

(D) विधिलिंग

41. 'एधि' किस धातु का रूप है ?

(A) एध्

(B) अस्

(C) भू

(D) इन्

42. 'तस्मिन्' में कौन-सी विभक्ति है?

(A) सप्तमी

(B) द्वितीया

(C) चतुर्थी

(D) पंचमी

43. 'भवति' किस सर्वनाम शब्द का रूप है ?

(A) भव

(B) भवान्

(C) भवत्

(D) तत्

44. राजन् शब्द के षष्ठी बहुवचन का रूप कौन-सा है ?

(A) राजसु

(B) राज्ञाम्

(C) राजानम्

(D) राज्ञ:

45. 'पठ् + कत्वा' से कौन-सा शब्द वनेगा ?

(A) पठत्वा

(B) पठ्त्वा

(C) पठित्वा

(D) पठध्वा

46. 'प्रणम्य' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) ल्यप्

(B) अच्

(C) अय्

(D) घञ्

47. 'मानव' में कौन-सा तद्धित प्रत्यय है ?

(A) घञ्

(B) अण्

(C) इय

(D) ठक्

48. 'गुरु + इष्ठन्' से कौन-सा शब्द बनेगा ?

(A) गुरोष्ठः

(B) गरिष्ठ

(C) गुरुष्ठ:

(D) गुरेष्ठ:

49. 'साधक + टाप्' से कौन-सा शब्द बनेगा ?

(A) साधका

(B) साधीका

(C) साधिका

(D) साधक

50. 'इन्द्राणी' में कौन-सा स्त्री प्रत्यय है ?

(A) टाप्

(B) डीप्

(C) ङीष्

(D) डीन्

खण्ड-व (विषयनिष्ठ प्रश्न)

अपठित गद्यांश (13 अङ्का:)

1. अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें-

(अ) हिमालयः भारतस्य उत्तरदिशायां स्थितः अस्ति । अस्य शिखराणि सर्ववर्षम् हिमेन आच्छादितानि सन्ति । अतएव तु अयं हिमस्य आलयः इति हिमालयः कथ्यते । ग्रीष्मस्य तापेन जनाः प्रतिवर्ष ग्रीष्मे तत्र गच्छन्ति । अनेके रुग्णाः जनाः अपि तस्य

पवित्रे वातावरणे स्वस्था: भवन्ति । अत्र अनेकानि दर्शनीयानि स्थानानि सन्ति । प्रतिवर्ष भक्ताः अत्र आगच्छन्ति । बद्रीनाथे - केदारनाथे च मन्दिरेषु ईश्वरस्य दर्शनं कुर्वन्ति । हिमालयात् एव गंगा, शतद्रुः चन्द्रभागाः इत्यादयः नद्यः प्रवहन्ति । हिमालयः प्रहरी इव भारतं रक्षति । अस्य रक्षणे एवं भारतस्य रक्षणम् ।

(i) एकपदेन उत्तरत-

(क) भारतस्य उत्तरदिशायां कः अस्ति ?

(ख) अस्य रक्षणे कस्य रक्षणम् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(क) हिमालयः कुत्र स्थितः अस्ति ?

(ख) भक्ताः मन्दिरेषु कस्य दर्शनं कुर्वन्ति ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य उपयुक्तं शीर्षकम् लिखत ।

अथवा

विजयादशमी अस्माकं देशस्य प्रमुखं पर्वम् अस्ति । अस्मिन् दिने भगवान् श्रीरामः लंकापति रावणं युद्धे अजयत् । अयम् उत्सवः अश्विन् मासस्य दशम्यां तिथौ मन्यते , अतः अलं विजयादशमी इत्युच्यते। लंकापतिः रावणः छलेन सीताम् अहरत् अशोकवाटिकायां च अरक्षत्। तस्य वधेन रामः सन्दिशति यत् कदापि मानवेन असुराचरणं नैव कर्तव्यम्। रावणस्य वध: आसुरीणां प्रवृत्तीनां वध एव अस्ति ।

(i) एकपदेन उत्तरत्-

(क) अस्माकम् देशस्य प्रमुखं पर्व किम् ?

(ख) श्रीराम: युद्धे के अजयत् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(क) 'विजयादशमी' इति नाम कथं प्राचलत् ?

(ख) रावणस्य वधः कासां वधः अस्ति ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य उपयुक्तं शीर्षकम् लिखत ।

(ब) एकस्मिन् वने एक: भिक्षुकः वसति । सः प्रतिदिनं भिक्षायै नगरं गच्छति । एकदा एका महिला तस्मै विषाक्तां रोटिकां अयच्छत् । सः तां रोटिकां स्वकुटीरं नयति । मध्याह्ने एकः बालः वने सूर्यस्य तापेन मूर्च्छितः भवति । सः भिक्षुकः चिन्तयति यत् सः क्षुधापीडितः अस्ति। सः तां रोटिकां तस्मै बालाय यच्छति । सः तस्मै जलम् अपि यच्छति । सः बाल जलं पिबति रोटिकां च खादति । यदा सः रोटिकां खादति तदा विष प्रभावात् स्वप्राणान् त्यजति । तदा तस्य अम्बा तत्र आगच्छति । तस्य अम्बा तु सा एव महिला आसीत् या तस्मै भिक्षुकाय रोटिकाम् अयच्छत् । जनाः तु सत्यं कथयन्ति - "यथा कर्म तथा फलम् ।

(i) एकपदेन उत्तरत-

(क) वने कः वसति ?

(ख) प्राणान् कः त्यजति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(क) भिक्षुकः किं चिन्तयति ?

(ख) बालः प्राणान् कदा त्यजति ?

अथवा

लोकमान्य तिलक: महान् देशभक्तः राजनीतिज्ञस्य आसीत् । सः उद्घोष यत्-स्वतंत्रता अस्माकं जन्मसिद्धः अधिकारः वर्तते । " स्वराज्याय सः अतिकष्टम् असहत्। स्वतंत्रता विना देश: सुखी न भवति । कारागारे सः गीतारहस्यम् नामकं प्रसिद्धं पुस्तकं अलिखत्। अस्य महापुरुषस्य जन्मः महाराष्ट्रस्य रत्नागिरिनामि स्थाने अभवत् । वयं तस्मात् शिक्षा गृहणीयम्

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) कः महान् देशभक्तः आसीत्?

(ii) स्वराज्याय सः किम् असहत् ?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत्-

(i) तिलक: कारागारे किम् अकरोत् ?

(ii) लोकमान्यस्य जन्मः कुत्र अभवत्?

संस्कृते पत्रलेखनम् (08 अङ्करः)

2. अधोलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें।

(i) अपने विद्यालय द्वारा आयोजित पर्यटन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए अपने पिता से अनुमति हेतु संस्कृत में एक पत्र लिखें।

(ii) अपने मित्र को स्वास्थ्य रक्षा संबंधी पत्र संस्कृत में लिखें।

(iii) छात्रवृत्ति-प्राप्ति हेतु प्राचार्य को संस्कृत में एक आवेदन पत्र लिखें।

(iv) अंक-प्रमाणपत्र प्राप्ति हेतु प्राचार्य को संस्कृत में एक आवेदन-पत्र लिखें।

अनुच्छेद लेखनम् (07 अङ्का:)

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संस्कृत में सात वाक्यों का अनुच्छेद लिखें-

(क) महाकवि कालिदास:

(ख) अस्माकं देश:

(ग) होलिकोत्सवः

(घ) संस्कृत भाषायाः महत्त्वम्

(ङ) छात्र जीवनम्

4. अधोलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें।

(क) ग्राम के दोनों ओर वृक्ष हैं।

(ख) राजा निर्धन को वस्त्र देता है।

(ग) वह कान से बहरा है।

(घ) राम के साथ सीता वन गई।

(ङ) शारदा देवी एक योग्य शिक्षिका हैं।

(च) आलस्य मनुष्य का महान शत्रु है।

(छ) छात्रों को पुरस्कार दो।

(ज) वह साँप से डरता है।

(झ) परिश्रम के बिना विद्या नहीं होती है।

(ञ) कालिदास कवियों में श्रेष्ठ हैं।

लघुउत्तरीय प्रश्ना: (16 अङ्काः)

5. निम्नलिखित में किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) महान् लोग संसाररूपी सागर को कैसे पार करते हैं?

(ख) 'पाटलिपुत्रवैभवम्' पाठ के आधार पर यहाँ स्थित दर्शनीय स्थलों पर प्रकाश डालें।

(ग) 'अलसकथा' पाठ में वास्तविक आलसियों की पहचान कैसे हुई ?

(घ) शैशव संस्कारों पर प्रकाश डालें।

(ङ) 'नीतिश्लोकाः' पाठ के आधार पर 'मूढचेता नराधम्' के लक्षणों को लिखें।

(च) 'शिक्षा कर्म जीवनस्य परमागतिः' रामप्रवेश राम पर उपरोक्त कथन कैसे घटित होता है?

(छ) मध्यकाल में भारतीय समाज में वर्तमान कुरीतियों पर प्रकाश डालें।

(ज) “ज्ञानं भारः क्रियां बिना" यह उक्ति व्याघ्र पथिक कथा पर कैसे चरितार्थ होती है?

(झ) 'शास्त्रकारा:' पाठ में वर्णित वैज्ञानिक शास्त्रों पर प्रकाश डालें।

(ञ) महात्मा बुद्ध के अनुसार वैर की शांति कैसे संभव है?

(ट) 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा क्यों आवश्यक है?

(ठ) 'भारतमहिमा' पाठ के आधार पर भारतीय मूल्यों की विशेषता पर प्रकाश डालें।

(ड) 'वेदांग संख्या में कितने हैं?

(ढ) 'नीतिश्लोका:' पाठ से किसी एक श्लोक को साफ-साफ शब्दों में लिखें।

(ण) स्वामी दयानंद की शिक्षा-व्यवस्था का वर्णन करें।